भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. †3612

सोमवार, 10 अगस्त, 2026/19 श्रावण, 1948 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत हुई प्रगति

†3612. श्री थरानिवेंथन एम. एस.:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत पाँच वर्षों के दौरान स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत हुई प्रगति तथा स्वीकृत, पूर्ण और लंबित परियोजनाओं की संख्या का तमिलनाडु के अरनी लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान योजना के अंतर्गत आवंटित, जारी तथा उपयोग की गई निधियों सहित इसमें शामिल पर्यटन परिपथों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने इस योजना के पर्यटन अवसंरचना विकास, पर्यटकों की संख्या, रोजगार सृजन तथा स्थानीय आर्थिक विकास पर पड़े प्रभाव का कोई आकलन किया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) स्वीकृत परियोजनाओं के पूर्ण होने में विलंब, यदि हुआ है, के कारणों तथा समयबद्ध कार्यान्वयन, गुणवत्ता निगरानी एवं निधियों का प्रभावी उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार का विचार अधिक पर्यटन स्थलों, विरासत स्थलों, ग्रामीण पर्यटन स्थलों तथा कम-ज्ञात पर्यटन आकर्षण स्थलों को शामिल करते हुए स्वदेश दर्शन योजना के दायरे का विस्तार करने का है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ङ): मंत्रालय द्वारा 2014-15 में 15 चिह्नित विषयगत परिपथों के तहत पर्यटन अवसंरचना के एकीकृत विकास हेतु स्वदेश दर्शन योजना शुरू की गई थी। इस योजना के तहत 5,295.24 करोड़ रूपये की कुल स्वीकृत राशि से विभिन्न राज्यों में कुल 76 परियोजनाएँ स्वीकृत की गई हैं तथा इनका कार्यान्वयन योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार किया गया है। कुल स्वीकृत 76 परियोजनाओं में से 75 परियोजनाएँ भौतिक रूप से पूर्ण हो चुकी हैं।

मंत्रालय पर्यटकों की संख्या में वृद्धि, स्थानीय रोजगार के अवसर के सृजन और समग्र पर्यटक संतुष्टि को बढ़ाने हेतु राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को नियमित रूप से स्थानीय समुदायों

के साथ परस्पर सहभागिता करने तथा पूर्ण की गई परियोजनाओं के सुदृढ़ संचालन एवं प्रबंधन (ओ एंड एम) को सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

पर्यटन मंत्रालय समय-समय पर विभिन्न स्तरों पर राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के साथ आयोजित समीक्षा बैठकों के माध्यम से अपनी चालू परियोजनाओं की प्रगति की नियमित रूप से निगरानी करता है। पर्यटन मंत्रालय ने एक कार्यक्रम प्रबंधन सूचना प्रणाली (पीएमआईएस) भी तैयार की है, जो मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत संचालित परियोजनाओं के संबंध में निर्बाध सूचना संचार, सूचना साझा करने तथा रिपोर्टिंग प्रणाली को सुगम बनाने के लिए एक एकीकृत डिजिटल मंच है। पर्यटन मंत्रालय तथा राज्य सरकारें/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन, जिनमें परियोजना कार्यान्वयन एजेंसियाँ भी शामिल हैं, इस प्रणाली के अभिन्न अंग हैं।

पर्यटन मंत्रालय ने देश में स्थायी एवं जिम्मेदार पर्यटन गंतव्यों के विकास के उद्देश्य से गंतव्य एवं पर्यटक-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के नाम से नया रूप दिया है। इस योजना के अंतर्गत मंत्रालय ने देश में 2,207.08 करोड़ रूपये की राशि की 53 परियोजनाएँ स्वीकृत की हैं। इसके अतिरिक्त, स्वदेश दर्शन 2.0 की एक उप-योजना-चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) भी 4 श्रेणियों, अर्थात् इको पर्यटन एवं अमृत धरोहर, आध्यात्मिक पर्यटन, संस्कृति एवं विरासत तथा वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के अंतर्गत शुरू की गई है। इस पहल के तहत मंत्रालय ने देश में 687.99 करोड़ रूपये की राशि की 37 परियोजनाएँ स्वीकृत की हैं।

मंत्रालय द्वारा देश में, जिसमें तमिलनाडु भी शामिल है, स्वदेश दर्शन (एसडी), स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) और चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) नामक योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

*****

अनुबंध

श्री थरानिवेंथन एम. एस. द्वारा स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत हुई प्रगति के संबंध में दिनांक 10.08.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †3612 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में **विवरण**

(i) देश में स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**राज्य/संघ राज्यक्षेत्र**	**परिपथ/ स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**जारी/प्राधिकृत राशि**	**उपयोग की गई राशि**
1.	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	तटीय 2016-17	लॉन्ग द्वीप - रॉस स्मिथ द्वीप - नील द्वीप - हैवलॉक द्वीप-बाराटांग द्वीप - पोर्ट ब्लेयर का विकास	27.57	22.08	22.08
2.	आंध्र प्रदेश	तटीय 2014-15	काकीनाडा - होप आइलैंड - कोरिंगा वन्यजीव अभयारण्य - पासरलापुडी - अडुरु - एस यानम - कोटिपल्ली का विकास	67.83	67.83	67.83
3.	आंध्र प्रदेश	तटीय 2015-16	नेल्लोर - पुलिकट झील - उब्बलमाडुगु जल प्रपात - नेलापट्टू - कोठाकोडुरु - मायपाडु - रामतीर्थम - इस्कापल्ली का विकास	49.55	49.55	49.55
4.	आंध्र प्रदेश	बौद्ध 2017-18	बौद्ध परिपथ: शालीहुंडम - बाविकोंडा - बोज्जनकोंडा - अमरावती - अनूपु का विकास	35.24	30.02	30.02
5.	अरुणाचल प्रदेश	उत्तर-पूर्वी 2014-15	भालुकपोंग - बोमडिला और तवांग का विकास	49.77	47.28	47.28
6.	अरुणाचल प्रदेश	उत्तर-पूर्वी 2015-16	नफरा - सेप्पा - पप्पू, पासा, पक्के घाटियाँ - संगदूपोटा-न्यू सगाली - जीरो-योम्चा का विकास	96.72	91.88	91.88
7.	असम	वन्यजीव 2015-16	मानस - प्रोबितोरा - नामेरी - काजीरंगा - डिब्रू - सैखोवा का विकास	94.68	94.68	94.68

8.	असम	विरासत 2016-17	तेजपुर - माजुली - शिवसागर का विकास	90.98	90.97	90.97
9.	बिहार	तीर्थंकर 2016-17	वैशाली - आरा - मसाद - पटना - राजगीर - पावापुरी - चंपापुरी का विकास	33.96	29.36	29.36
10.	बिहार	आध्यात्मिक 2016-17	कांवरिया मार्ग: सुल्तानगंज - धर्मशाला - देवघर का विकास	44.76	42.17	42.17
11.	बिहार	बौद्ध 2016-17	बौद्ध परिपथ का विकास - बोधगया में कन्वेंशन सेंटर का निर्माण	95.18	95.18	95.18
12.	बिहार	ग्रामीण 2017-18	भितिहरवा - चंद्रहिया - तुर्कौलिया का विकास	44.27	40.31	40.31
13.	बिहार	आध्यात्मिक 2017-18	मंदार हिल और अंग प्रदेश का विकास	44.55	42.32	42.32
14.	छत्तीसगढ़	जनजातीय 2015-16	जशपुर - कुनकुरी - मैनपाट - कमलेशपुर - महेशपुर - कुर्दार - सरोधदादर - गंगरेल - कोंडागांव - नाथियानवागांव - जगदलपुर - चित्रकूट - तीर्थगढ़ का विकास	96.10	94.23	94.23
15.	गोवा	तटीय 2016-17	सिंक्वेरिम - बागा, अंजुना - वागाटोर, मोरजिम - केरी, अगुआड़ा किला और अगुआड़ा जेल का विकास	97.65	97.50	97.50
16.	गोवा	तटीय 2017-18	तटीय परिपथ II: रुआ डी ओरम क्रीक - डोना पाउला - कोलवा - बेनौलिम का विकास	99.35	97.74	97.74
17.	गुजरात	विरासत 2016-17	अहमदाबाद - राजकोट - पोरबंदर - बारदोली - दांडी का विकास	59.17	55.52	55.52
18.	गुजरात	विरासत 2016-17	वडनगर - मोढेरा का विकास	91.12	85.63	85.63
19.	गुजरात	बौद्ध 2017-18	जूनागढ़ - गिर सोमनाथ - भरूच - कच्छ - भावनगर - राजकोट - मेहसाणा का विकास	26.68	19.96	19.96
20.	हरियाणा	कृष्ण	कुरुक्षेत्र में महाभारत से	77.39	76.74	76.74

		2016-17	संबंधित स्थानों पर पर्यटन अवसंरचना का विकास			
21.	हिमाचल प्रदेश	हिमालयन 2016-17	हिमालय परिपथ: कियारीघाट, शिमला, हाटकोटी, मनाली, कांगड़ा, धर्मशाला, बीर, पालमपुर, चंबा का विकास	68.34	64.55	62.57
22.	जम्मू और कश्मीर	हिमालयन 2016-17	जम्मू - श्रीनगर - पहलगाम - भगवती नगर - अनंतनाग - सलामाबाद, उरी - कारगिल - लेह का विकास	77.33	67.37	59.30
23.	जम्मू और कश्मीर	हिमालयन 2016-17	जम्मू-राजौरी-शोपियां-पुलवामा में पर्यटक सुविधाओं का विकास	81.60	67.35	59.41
24.	जम्मू और कश्मीर	हिमालयन 2016-17	पर्यटक सुविधाओं का विकास - पीएम विकास पैकेज के तहत 2014 में बाढ़ में नष्ट हुई परिसंपत्तियों के बदले परिसंपत्तियों का निर्माण	90.43	74.70	67.07
25.	जम्मू और कश्मीर	हिमालयन 2016-17	मंतलाई और सुधमहादेव में पर्यटक सुविधाओं का विकास	91.99	91.93	91.93
26.	जम्मू और कश्मीर	हिमालयन 2016-17	अनंतनाग - पुलवामा - किश्तवर - पहलगाम - जांस्कर पदुम - दक्सुम - रंजीत सागर बांध में पर्यटक सुविधाओं का विकास	86.39	69.95	63.25
27.	जम्मू और कश्मीर	हिमालयन 2016-17	गुलमर्ग - बारामूला - कुपवाड़ा - कारगिल - लेह में पर्यटक सुविधाओं का विकास	96.75	85.80	84.93
28.	झारखंड	इको 2018-19	इको पर्यटन परिपथ: दलमा - बेतला नेशनल पार्क - मिरचैया - नेतरहाट का विकास	30.44	30.44	28.04
29.	केरल	इको 2015-16	पथनमथिट्टा - गवी - वागामोन - तेक्कडी का विकास	64.08	64.08	64.08
30.	केरल	आध्यात्मिक 2016-17	सबरीमाला - एरुमेली - पम्पा - सन्निधानम का विकास	46.54	33.39	33.39

31.	केरल	आध्यात्मिक 2016-17	श्रीपद्मनाभ अर्नामूला का विकास	78.08	73.77	68.98
32.	केरल	ग्रामीण 2018-19	मालानाड मालाबार क्रूज पर्यटन परियोजना का विकास	57.35	45.88	36.34
33.	केरल	आध्यात्मिक 2018-19	शिवगिरीश्री नारायण गुरु आश्रम - अरुवीपुरम - कुन्नुमपारा श्री सुब्रहमनिया - चेम्बझंथी श्री नारायण गुरुकुलम का विकास	66.42	35.41	34.21
34.	मध्य प्रदेश	वन्यजीव 2015-16	पन्ना-मुकुंदपुर-संजय-दुबरी-बांधवगढ़-कान्हा - मुक्की - पेंच में वन्यजीव परिपथ का विकास	92.10	86.31	86.31
35.	मध्य प्रदेश	बौद्ध 2016-17	सांची - सतना - रीवा - मंदसौर - धार का विकास	74.02	72.75	72.75
36.	मध्य प्रदेश	विरासत 2016-17	ग्वालियर - ओरछा - खजुराहो - चंदेरी - भीमबेटका - मांडू का विकास	89.82	89.49	89.49
37.	मध्य प्रदेश	इको 2017-18	गांधीसागर बांध - मंडलेश्वर बांध - ओंकारेश्वर बांध - इंदिरा सागर बांध - तवा बांध - बरगी बांध - भेड़ाघाट - बाणसागर बांध - केन नदी का विकास	93.76	93.59	93.59
38.	महाराष्ट्र	तटीय 2015-16	सिंधुदुर्ग तटीय परिपथ - सागरेश्वर, तारकरली, विजयदुर्ग (बीच और क्रीक), मितभव का विकास	19.06	17.61	17.61
39.	महाराष्ट्र	आध्यात्मिक 2018-19	वाकी - अदासा - धापेवाड़ा - पारदसिंघा - तेलनखंडी - गिराड का विकास	45.47	43.19	38.84
40.	मणिपुर	उत्तर-पूर्वी 2015-16	मणिपुर में पर्यटक परिपथ: इम्फाल -खोंगजोम का विकास	72.23	61.25	61.25
41.	मणिपुर	आध्यात्मिक 2016-17	श्री गोविंदजी मंदिर, श्री बिजॉय गोविंदजी मंदिर - श्री गोपीनाथ मंदिर - श्री बंगशीबोदोन मंदिर - श्री कैना	45.34	45.33	43.04

			मंदिर का विकास			
42.	मेघालय	उत्तर-पूर्वी 2016-17	उमियम (लेक व्यू), यू लुम सोहपेटबनेंग - मावडियांगडियांग - आर्किड लेक रिज़ॉर्ट का विकास	99.13	99.11	99.11
43.	मेघालय	उत्तर-पूर्वी 2018-19	वेस्ट खासी हिल्स (नोंगखलाव- क्रेम तिरोट - खुदोई और कोहमांग जलप्रपात - खरी नदी- मावथाद्रीशन, शिलांग), जयंतिया हिल्स (क्रांग सूरी फॉल्स- शिरमंग-इयूक्सी), गारो हिल्स (नोकरेक रिजर्व, कट्टाबील, सिजू गुफाएं) का विकास	84.97	84.96	84.96
44.	मिजोरम	उत्तर-पूर्वी 2015-16	थेनजोल और साउथ ज़ोटे, जिला सेरछिप और रईक का विकास	92.26	92.26	92.26
45.	मिजोरम	इको 2016-17	इको-एडवेंचर परिपथ आइजोल -रावपुइचिप - खवफाप - लेंगपुई - चटलांग- सकाव्रहमुइटुइतलांग - मुथी - बेराटलांग - तुइरियल एयरफील्ड - हमुइफांग का विकास	66.37	53.09	53.09
46.	नागालैंड	जनजातीय 2015-16	जनजातीय परिपथ पेरेन-कोहिमा- वोखा का विकास	97.36	97.36	92.49
47.	नागालैंड	जनजातीय 2016-17	मोकोकचुंग - तुएनसांग - मोन का विकास	98.14	98.14	98.14
48.	ओडिशा	तटीय 2016-17	गोपालपुर, बरकुल, सतपाड़ा और तंपारा का विकास	70.82	59.47	59.47
49.	पुडुचेरी	तटीय 2015-16	दुबरायापेट - अरिकामेडु - वीरमपट्टिनम - चुन्नम्बर - नल्लावाडु/नरमबाई - मनापेट - कालापेट - पुडुचेरी - यानम का विकास	58.44	58.44	58.44
50.	पुडुचेरी	विरासत	फ्रेंको - तमिल गांव,	49.44	45.70	45.50

		2017-18	कराईकल, माहे और यानम का विकास			
51.	पुडुचेरी	आध्यात्मिक 2017-18	पुडुचेरी में आध्यात्मिक परिपथ का विकास	34.96	31.40	31.40
52.	पंजाब	विरासत 2018-19	आनंदपुर साहिब - फतेहगढ़ साहिब - चमकौर साहिब - फिरोजपुर - खटकर कलां - कलानौर - पटियाला का विकास	85.32	81.05	81.05
53.	राजस्थान	मरुस्थल 2015-16	सांभर लेक टाउन और अन्य स्थलों का विकास	50.01	50.01	50.01
54.	राजस्थान	कृष्ण 2016-17	गोविंद देव जी मंदिर (जयपुर), खाटूश्याम जी (सीकर) और नाथद्वारा (राजसमंद) का विकास	75.80	73.85	73.85
55.	राजस्थान	आध्यात्मिक 2016-17	आध्यात्मिक परिपथ - 'चुरू (सालासर बालाजी) - जयपुर (श्री समोदके बालाजी, घाटके बालाजी, बंधेके बालाजी) - विराटनगर (बीजक, जैनसिया, अंबिका मंदिर) - भरतपुर (कमान क्षेत्र) - धौलपुर (मुचकुंड) - मेहंदीपुर बालाजी - चित्तौड़गढ़ (सांवलियाजी) का विकास	87.05	75.03	75.03
56.	राजस्थान	विरासत 2017-18	विरासत परिपथ राजसमंद (कुंभलगढ़ किला) - जयपुर (जयपुर और नाहरगढ़ किले में अग्रभाग की प्रकाश व्यवस्था) -झालावाड़ (गागरोन किला) - चित्तौड़गढ़ (चित्तौड़गढ़ किला) - जैसलमेर (जैसलमेर किला) - हनुमानगढ़ (गोगामेड़ी) - उदयपुर (प्रताप गौरव केंद्र) - धौलपुर (बाग-ए-निलोफर और पुरानी छावनी) - नागौर (मीरा बाई स्मारक,	70.61	66.99	66.99

			मेड़ता) - टोंक (सुनहरी कोठी) का विकास			
57.	सिक्किम	उत्तर-पूर्वी 2015-16	रंगपो (प्रवेश) - रोराथांग - अरितार - फादमचेन - नाथंग - शेराथांग - सोंगमो - गंगटोक - फोडोंग - मंगन - लाचुंग -युमथांग - लाचेन - थांगु - गुरुडोंगमेर - मंगन - गंगटोक - तुमिनलिंगी - सिंगतम (निकास) को जोड़ने वाले पर्यटक परिपथ का विकास	98.05	97.41	97.41
58.	सिक्किम	उत्तर-पूर्वी 2016-17	सिंगटम-मका-टेमी - बेरमोइक टोकेल - फोंगिया - नामची - जोरथांग - ओखारे - सोम्बारिया - दारमदिन - जोरेथांग - मेल्ली (निकास) को जोड़ने वाले पर्यटक परिपथ का विकास	95.32	95.32	95.32
59.	तमिलनाडु	तटीय 2016-17	(चेन्नई - मामल्लापुरम - रामेश्वरम - मानपाडु - कन्याकुमारी) का विकास	73.13	71.03	71.03
60.	तेलंगाना	इको 2015-16	महबूबनगर जिले में इको पर्यटन परिपथ का विकास	91.62	91.25	91.25
61.	तेलंगाना	जनजातीय 2016-17	मुलुगु - लकनावरम - मेदवरम - तड़वई - दमारवी - मल्लूर - बोगाथा झरनों का विकास	79.87	79.87	79.87
62.	तेलंगाना	विरासत 2017-18	कुतुबशाही विरासत पार्क-पैगाह मकबरे- हयात बख्शी मस्जिद - रेमंड का मकबरा का विकास	96.90	70.61	70.61
63.	त्रिपुरा	उत्तर-पूर्वी 2015-16	अगरतला - सिपाहीजला - मेलाघर - उदयपुर - अमरपुर - तीर्थमुख - मंदिरघाट - डंबूर - नारिकेलकुंज - गंडाचरा - अंबासा का विकास	82.85	77.76	77.76

64.	त्रिपुरा	उत्तर-पूर्वी 2018-19	सूरमाचेर्रा - उनाकोटी - जम्पुई हिल्स - गुनाबती - भुवनेश्वरी-नीरमहल - बॉक्सनगर - चोट्टाखोला - पिलक - अवांगचारा का विकास	44.83	35.25	32.21
65.	उत्तर प्रदेश	बौद्ध 2016-17	श्रावस्ती, कुशीनगर और कपिलवस्तु का विकास	87.89	68.43	68.43
66.	उत्तर प्रदेश	रामायण 2016-17	चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर का विकास	69.45	56.03	56.03
67.	उत्तर प्रदेश	आध्यात्मिक 2016-17	आहर - अलीगढ़ - कासगंज - सरोसी (उन्नाव)-प्रतापगढ़-कौशांबी-मिर्जापुर - गोरखपुर - डुमरियागंज - बस्ती - बाराबंकी - आजमगढ़ - कैराना - बागपत - शाहजहांपुर का विकास	71.91	69.63	69.63
68.	उत्तर प्रदेश	आध्यात्मिक 2016-17	बिजनौर-मेरठ-कानपुर - कानपुर देहात - बांदा-गाजीपुर-सलेमपुर- घोसी - बलिया - अम्बेडकर नगर-अलीगढ़-फतेहपुर-देवरिया-महोबा- सोनभद्र - चंदौली - मिश्रिख - भदोही का विकास	67.51	63.62	63.62
69.	उत्तर प्रदेश	विरासत 2016-17	कालिंजर किला (बांदा) - मगहरधाम (संतकबीर नगर) - चौरीचौरा, शहीद स्थल (फतेहपुर) - महुअर शहीद स्थल (घोसी) - शहीद स्मारक (मेरठ) का विकास	36.65	36.65	36.65
70.	उत्तर प्रदेश	रामायण 2017-18	अयोध्या का विकास	127.21	113.22	113.22
71.	उत्तर प्रदेश	आध्यात्मिक 2018-19	जेवर - दादरी - सिकंदराबाद - नोएडा - खुर्जा - बांदा का विकास	12.03	11.43	11.43
72.	उत्तर प्रदेश	आध्यात्मिक 2018-19	गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपट्टन मंदिर (बलरामपुर)	18.30	18.12	18.12

			और वटवाशनी मंदिर (डुमरियागंज) का विकास			
73.	उत्तराखंड	इको 2015-16	टिहरी झील और निकटवर्ती क्षेत्रों का नए गंतव्य के रूप में विकास के लिए इको-पर्यटन, एडवेंचर स्पोर्ट्स और संबद्ध पर्यटन संबंधी अवसंरचना का एकीकृत विकास - जिला टिहरी	69.17	69.17	69.17
74.	उत्तराखंड	विरासत 2016-17	कुमाऊं क्षेत्र में विरासत परिपथ - कटारमल - जोगेश्वर - बैजनाथ - देवीधुरा का एकीकृत विकास	76.32	68.91	68.91
75.	पश्चिम बंगाल	तटीय 2015-16	तटीय परिपथ: उदयपुर - दीघा - शंकरपुर - ताजपुर - मंदारमणि - फ्रेजरगंज - बक्खलाई - हेनरी द्वीप का विकास	67.99	65.07	65.07
76.	-	मार्गस्थ 2018-19	सडक परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के सहयोग से उत्तर प्रदेश और बिहार में वाराणसी - गया; कुशीनगर - गया - कुशीनगर में मार्गस्थ सुविधाओं का विकास	17.50	16.63	15.83
कुल राशि				**5295.24**	**4927.36**	**4860.69**

(ii) देश में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**राज्य**	**गंतव्य**	**एक्सपीरियंस का नाम**	**स्वीकृति तिथि**	**स्वीकृत राशि**	**उपयोग के लिए प्राधिकृत राशि**
1.	आंध्र प्रदेश	बापतला	सूर्यलंका बीच एक्सपीरियंस का विकास	29.03.2025	97.52	48.76
2.	आंध्र प्रदेश	अरक्कू-लम्बासिंगी	अरक्कू में बोर्रा केव एक्सपीरियंस	05.03.2024	29.88	14.94
3.	अरुणाचल	मेचुका	मेचुका सांस्कृतिक हाट	05.03.2024	18.48	9.24

	प्रदेश					
4.	अरुणाचल प्रदेश	मेचुका	मेचुका एडवेंचर पार्क	05.03.2024	12.75	6.38
5.	अरुणाचल प्रदेश	नाचो	अनलॉक नाचो अभियान	05.03.2024	14.02	7.01
6.	असम	कोकराझार	कोकराझार वेटलैंड एक्सपीरियंस	05.03.2024	26.68	13.34
7.	असम	जोरहाट	रीइमैंजिनिंग सिन्नामारा टी एस्टेट	05.03.2024	23.88	11.94
8.	बिहार	बोधगया	बोधगया में बौद्ध ध्यान एवं अनुभव केंद्र का विकास	29.03.2025	165.44	16.54
9.	छत्तीसगढ़	कवर्धा	भोरमदेव कॉरिडोर विकास, कवर्धा	29.03.2025	146.00	14.60
10.	दादरा नगर एवं हवेली तथा दमन एवं दीव	दमन	दमन कन्वेंशन सेंटर	29.03.2025	147.13	-
11.	गोवा	पोर्वोरिम	पोर्वोरिम क्रीक एक्सपीरियंस	20.08.2024	24.07	12.04
12.	गोवा	कोलवा	कोलवा बीच एक्सपीरियंस	20.08.2024	19.89	9.95
13.	हरियाणा	पंचकुला	टिक्कर ताल और एडवेंचर पार्क में एडवेंचर टूरिज्म हब का विकास	29.03.2025	26.68	2.67
14.	हरियाणा	पंचकुला	यादविन्द्रा गार्डन का कायाकल्प	29.03.2025	65.82	6.58
15.	हिमाचल प्रदेश	चिंतपूर्णी	मां चिंतपूर्णी देवी मंदिर, ऊना का विकास	04.07.2025	56.26	5.63
16.	कर्नाटक	मैसूरु	ईकोलोजिकल एक्सपीरियंस जोन	05.03.2024	18.48	1.85
17.	कर्नाटक	मैसूरु	टोंगा राइड हेरिटेज एक्सपीरियंस जोन	29.02.2024	2.72	**1.36**
18.	कर्नाटक	हम्पी	'ट्रैवलर नूक्स' की स्थापना	29.02.2024	25.64	**12.82**
19.	केरल	अलप्पुझा	अलाप्पुझा: ए ग्लोबल वॉटर वंडरलैंड	29.03.2025	93.18	46.59
20.	केरल	मलमपुझा	मलमपुझा गार्डन और लीजर पार्क में पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाना	29.03.2025	75.87	37.94
21.	केरल	कुमारकोम	कुमारकोम पक्षी अभयारण्य एक्सपीरियंस	05.03.2024	13.81	**12.43**
22.	लद्दाख	लेह	जूले लेह जैव विविधता पार्क	05.03.2024	23.17	2.32
23.	लद्दाख	कारगिल	एक्सप्लोरिंग एलओसी और हुंडरमन विलेज एक्सपीरियंस	05.03.2024	11.91	5.96

24.	लक्षद्वीप	बंगारम	बंगाराम में इको-रिट्रीट, एडवेंचर, बीच और एमआईसीई अनुभव का विकास	29.03.2025	81.18	8.12
25.	मध्य प्रदेश	चित्रकूट	चित्रकूट में आध्यात्मिक एक्सपीरियंस	05.03.2024	27.22	13.61
26.	मध्य प्रदेश	ग्वालियर	फूलबाग एक्सपीरियंस जोन	29.02.2024	16.74	8.37
27.	मध्य प्रदेश	दतिया	पीताम्बरा पीठ दतिया का विकास	14.07.2025	44.24	22.12
28.	महाराष्ट्र	पुणे	शिवसृष्टि थीम पार्क	21.09.2024	75.47	37.74
29.	मेघालय	सोहरा	वॉटरफॉल ट्रेल्स एक्सपीरियंस	05.03.2024	27.61	13.81
30.	मेघालय	सोहरा	मेघालयन एज केव एक्सपीरियंस	04.03.2024	32.45	**29.21**
31.	मिजोरम	चम्फाई	केइलुंगलिया, ज़ोटे, नगुर और मुअलबुहवम, चम्फाई में इको रिज़ॉर्ट एक्सपीरियंस	29.03.2025	38.85	19.43
32.	मिजोरम	चम्फाई	विरासत और सांस्कृतिक केंद्र, चम्फाई	29.03.2025	33.87	16.94
33.	मिजोरम	आइजोल	सम्मेलन केंद्र का निर्माण	10.11.2025	99.71	49.86
34.	नागालैंड	चुमुकेदिमा	चुमुकेदिमा के जैकब गांव में साहसिक पर्यटन का अनुभव	29.03.2025	32.54	16.27
35.	नागालैंड	चुमुकेदिमा	चुमुकेदिमा व्यू पॉइंट पर इको-पर्यटन एक्सपीरियंस	20.08.2024	7.87	3.94
36.	नागालैंड	चुमुकेदिमा	मिडवे रिट्रीट में जनजातीय सांस्कृतिक एक्सपीरियंस	05.03.2024	21.57	10.79
37.	पुदुचेरी	कराईकल	कराईकल बीच और वाटरफ्रंट एक्सपीरियंस	05.03.2024	20.3	-
38.	पंजाब	अमृतसर	अटारी में सीमा पर्यटन एक्सपीरियंस	20.08.2024	25.91	2.59
39.	पंजाब	कपूरथला	कांजिली वेटलैंड में इको पर्यटन एक्सपीरियंस	05.03.2024	19.56	1.96
40.	राजस्थान	सीकर	श्री खाटू श्याम जी मंदिर (सीकर) में विकास कार्य	29.03.2025	87.87	8.79
41.	राजस्थान	बूंदी	केशोरायपाटन में आध्यात्मिक अनुभव	29.02.2024	21.65	2.17
42.	राजस्थान	बीकानेर जिला	श्री करणी माता मंदिर, बीकानेर में विकास कार्य	14.07.2025	22.58	11.29
43.	राजस्थान	मालासेरी	मालासेरी डूंगरी, भीलवाड़ा जिले	14.07.2025	48.73	24.37

		डूंगरी (जिला - भीलवाड़ा)	का विकास			
44.	सिक्किम	ग्यालशिंग	युकसोम क्लस्टर में इको-वेलनेस एक्सपीरियंस	05.03.2024	15.41	7.71
45.	सिक्किम	गंगटोक	गंगटोक सांस्कृतिक गांव	29.02.2024	22.60	11.30
46.	तमिलनाडु	मामल्लापुरम	शोर मंदिर में इमर्सिव एक्सपीरियंस	29.02.2024	30.02	-
47.	तेलंगाना	अनंतगिरि	अनंतगिरि वन में इको पर्यटन जोन	05.03.2024	38.01	19.01
48.	तेलंगाना	भोंगीर	भोंगीर किला एक्सपीरियंशियल जोन	29.02.2024	56.82	5.68
49.	त्रिपुरा	अगरतला	अगरतला में त्रिपुरा विरासत गांव और संगीत अनुभव (चरण-1 और 2)	29.03.2025	48.95	24.48
50.	उत्तर प्रदेश	नैमिषारण्य	वैदिक - वेलनेस एक्सपीरियंस	05.03.2024	17.8	-
51.	उत्तर प्रदेश	प्रयागराज	आजाद पार्क और देखो प्रयागराज ट्रेल एक्सपीरियंस	05.03.2024	14.52	1.45
52.	उत्तराखंड	चंपावत	टी गार्डन एक्सपीरियंस	05.03.2024	19.89	1.99
53.	उत्तराखंड	पिथौरागढ़	गुंजी में ग्रामीण पर्यटन क्लस्टर एक्सपीरियंस	05.03.2024	17.86	1.79
कुल					**2207.08**	**675.68**

(iii) देश में चुनौती-आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**राज्य**	**गंतव्य/श्रेणी**	**एक्सपीरियंस का नाम**	**स्वीकृति तिथि**	**स्वीकृत राशि**	**उपयोग के लिए प्राधिकृत राशि**
1	आंध्र प्रदेश	नागार्जुन सागर (संस्कृति एवं विरासत)	नागार्जुन सागर में बौद्ध विरासत और सांस्कृतिक अनुभवों का संवर्धन	17.03.2025	25.00	12.50
2	आंध्र प्रदेश	अहोबिलम मंदिर (आध्यात्मिक पर्यटन)	एक आध्यात्मिक यात्रा के रूप में अहोबिलम का विकास	17.03.2025	25.00	12.50

3	अरुणाचल प्रदेश	किभितो (जीवंत ग्राम कार्यक्रम)	किभितो सीमांत पर्यटन - शांति का प्रवेश द्वार	27.03.2025	4.96	2.48
4	अरुणाचल प्रदेश	बिचोम बांध स्थल (इको-पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल)	बिचोम बांध साहसिक और इको-पर्यटन परियोजना	27.03.2025	9.90	4.95
5	असम	शिवसागर (इको-पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल)	पाणिधिंग पक्षी अभयारण्य	27.03.2025	9.99	5.00
6	बिहार	सारण जिला (सोनपुर मेला) (संस्कृति एवं विरासत)	सोनपुर मेला स्थल का विकास	27.03.2025	24.29	2.43
7	छत्तीसगढ़	मायाली बगीचा (इको-पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल)	मायाली बगीचा का इको-पर्यटन स्थल के रूप में विकास	27.03.2025	9.97	1.00
8	गोवा	मायेम गाँव (इको-पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल)	हरवलम जलप्रपात का सौंदर्यीकरण और विकास	17.03.2025	9.81	4.91
9	गुजरात	वडनगर (संस्कृति एवं विरासत)	शर्मिष्ठा झील का रूपांतरण: प्रकाश और संस्कृति	27.03.2025	17.29	1.73
10	गुजरात	पोरबंदर (आध्यात्मिक पर्यटन)	हरसिद्धि तट में पवित्र महासागर आश्रय स्थल	27.03.2025	24.66	2.47
11	हिमाचल प्रदेश	काज़ा (संस्कृति एवं विरासत)	संस्कृति एवं विरासत के अंतर्गत काज़ा	27.03.2025	24.82	2.48
12	हिमाचल प्रदेश	रक्छम (जीवंत ग्राम कार्यक्रम)	रक्छम में पर्यटन अवसंरचना विकास - जीवंत ग्राम	27.03.2025	4.96	0.50
13	झारखंड	रामरेखा धाम (आध्यात्मिक पर्यटन)	रामरेखा धाम में पर्यटन अवसंरचना विकास	27.03.2025	18.87	1.89
14	कर्नाटक	बीदर (संस्कृति एवं विरासत)	बीदर का एक विरासत पर्यटन गंतव्य के रूप में विकास	21.01.2026	25.00	2.50

15	केरल	वर्कला (संस्कृति एवं विरासत)	वर्कला-दक्षिण काशी	27.03.2025	25.00	2.50
16	केरल	थालास्सेरी (आध्यात्मिक पर्यटन)	थालास्सेरी: आध्यात्मिक जुड़ाव	27.03.2025	25.00	12.50
17	लद्दाख	मुश्कोह गांव (इको-पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल)	मुश्कोह को एक स्थायी पर्यटन केंद्र के रूप में उन्नत बनाना: वन्यजीव दर्शन और सामुदायिक प्रगति का एकीकरण	27.03.2025	9.78	0.98
18	मध्य प्रदेश	ओरछा (आध्यात्मिक पर्यटन)	ओरछा एक मध्यकालीन वैभव 2.0	17.03.2025	25.00	12.50
19	मध्य प्रदेश	मांडू (संस्कृति एवं विरासत)	मांडू-एक मध्यकालीन आश्चर्य	21.01.2026	24.88	12.44
20	महाराष्ट्र	अहमदनगर (संस्कृति एवं विरासत)	अहमदनगर किले का विकास	17.03.2025	25.00	2.50
21	मणिपुर	लंगथबल कोनुग, इंफाल (संस्कृति एवं विरासत)	मणिपुर की प्राचीन राजधानी, लंगथबल कोनुग का विकास	17.03.2025	24.69	2.47
22	मेघालय	नर्तियांग गांव (आध्यात्मिक पर्यटन)	नर्तियांग आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक केंद्र	17.03.2025	24.87	12.44
23	मेघालय	मावफलांग गांव (संस्कृति एवं विरासत)	मावफलांग सांस्कृतिक एवं विरासत केंद्र	17.03.2025	24.87	12.44
24	नागालैंड	इम्पुर गाँव (आध्यात्मिक पर्यटन)	सोलफुल ट्रेल: इम्पुर विरासत अनुभव	17.03.2025	24.94	12.47
25	नागालैंड	दोयांग जलाशय (इको-पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल)	विंग्स ओवर दोयांगः एक इको पर्यटन आश्रय स्थल	17.03.2025	9.99	5.00
26	पुदुचेरी	व्हाइट टाउन (संस्कृति एवं विरासत)	व्हाइट टाउन का विकास	27.03.2025	22.19	2.22

27	पंजाब	रूपनगर (आनंदपुर साहिब) (आध्यात्मिक पर्यटन)	विरासत मार्ग - श्री आनंदपुर साहिब में शांति और सद्भाव का प्रतीक	27.03.2025	24.90	2.49
28	पंजाब	फिरोजपुर (हुसैनीवाला बॉर्डर) (संस्कृति एवं विरासत)	हुसैनीवाला बॉर्डर में सांस्कृतिक और विरासत संबंधी विस्तार	27.03.2025	25.00	2.50
29	सिक्किम	काबी (आध्यात्मिक पर्यटन)	काबी क्रॉनिकल्स: एकता और विरासत के माध्यम से एक यात्रा	17.03.2025	24.96	12.48
30	सिक्किम	गनाथांग गाँव (जीवंत ग्राम कार्यक्रम)	वीरता की गूँज: गनाथांग घाटी अनुभव	17.03.2025	5.00	2.50
31	तमिलनाडु	रामेश्वरम द्वीप (आध्यात्मिक पर्यटन)	रामेश्वरम का विशिष्ट परिवर्तन	27.03.2025	20.01	10.01
32	तेलंगाना	नलगोंडा (संस्कृति एवं विरासत)	बुद्धवनम में डिजिटल अनुभव केंद्र का विकास	17.03.2025	24.85	12.43
33	तेलंगाना	कामारेड्डी (कलकी चेरूवू) (इको-पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल)	निज़ाम सागर में इको-पर्यटन परियोजना का विकास	17.03.2025	9.98	4.99
34	उत्तर प्रदेश	महोबा (संस्कृति एवं विरासत)	महोबा में सांस्कृतिक परिदृश्य का विकास	27.03.2025	24.98	2.50
35	उत्तराखंड	जादुंग (जीवंत ग्राम कार्यक्रम)	जादुंग उत्सव मैदान, जादुंग का विकास	27.03.2025	4.99	0.50
36	उत्तराखंड	कैंचीधाम (आध्यात्मिक पर्यटन)	कैंचीधाम परिसर का विकास	27.03.2025	17.60	8.80
37	उत्तराखंड	माना गांव (जीवंत ग्राम कार्यक्रम)	माना हाट	29.03.2025	4.99	0.50
कुल					**687.99**	**207.44**

*****